This Question Paper consists of NEW SYLLABUS 34 questions and OLD SYLLABUS 38 questions and 20 total printed pages.

**इस प्रश्न-पत्र में नया पाठ्यक्रम 34 प्रश्न तथा पुराना पाठ्यक्रम 38 प्रश्न तथा कुल 20 मुद्रित पृष्ठ हैं।**

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

Code No.
कोड नं. **68/ESS/1**

SET/सेट **A**

# HINDI

# हिन्दी

# (301)

Day and Date of Examination :

( परीक्षा का दिन व दिनांक ) ____________________

Signature of Invigilators :

( निरीक्षकों के हस्ताक्षर ) 1. ____________________

2. ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या **68/ESS/1-A** लिखें।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Paper Booklet contains two Question Papers - one based on revised study material marked as **NEW SYLLABUS** and the other based on pre-revised study material marked as **OLD SYLLABUS**.

2. **NEW SYLLABUS** is for those candidates who have registered for 2023-2024 (Stream-I, Block-I) admission and are appearing in October-2024 Examinations.

3. **OLD SYLLABUS** is for those candidates who had registered before 2023-24 (Stream-I, Block-I) admission.

4. Candidates are to answer only one Question Paper from the given two Question Papers.

5. Candidates are not allowed to mix questions from the given two Question Papers.

## महत्वपूर्ण निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका में दो प्रश्न-पत्र हैं - एक संशोधित अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर '**नया पाठ्यक्रम**' अंकित है तथा दूसरा संशोधन से पूर्व अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर '**पुराना पाठ्यक्रम**' अंकित है।

2. **नया पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए है जिनका नामांकन 2023-2024 (स्ट्रीम-I, ब्लॉक-I) में हुआ है तथा जो अक्टोबर 2024 परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।

3. **पुराना पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए है जिनका नामांकन 2023-24 (स्ट्रीम-I, ब्लॉक-I)के पहले हुआ है।

4. परीक्षार्थी दिए गए दो प्रश्न-पत्रों में से केवल एक प्रश्न-पत्र से ही उत्तर लिखें।

5. परीक्षार्थी को दो प्रश्न-पत्रों के प्रश्नों को मिलाकर उत्तर देने की अनुमति नहीं है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**NEW SYLLABUS/नया पाठ्यक्रम**

# HINDI

# हिन्दी

# (301)

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **34** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न सं. **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(v) प्रश्न सं. **21** से **25** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनमें **3** अंक के दो प्रश्न, **7** अंक के दो प्रश्न तथा **10** अंक का एक प्रश्न है। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न सं. **26** से **34** तक वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। लघूत्तरीय प्रश्न **1** के अंतर्गत **4** अंक के दो तथा लघूत्तरीय प्रश्न-**2** के अंतर्गत **5** अंक के दो प्रश्न हैं। दीर्घ उत्तरीय प्रश्न **1** के अंतर्गत **6** अंक के चार तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न **2** के अंतर्गत **8** अंक का एक प्रश्न है। जिनमें से कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

---

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में **02.15** बजे किया जाएगा। **02.15** बजे से **02.30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **1x20=20**

**1.** 'थे कह्यां मुंहोधो म्हाँ कह्या सस्तो, लिया री तराजां तोल' – पंक्ति में तराजू पर तौलकर लेने से क्या अभिप्राय है ?

(क) सोच-समझकर निर्णय लेना
(ख) नाप-तोलकर लेना
(ग) वजन करके लिया जाना
(घ) तराजू के पलड़े पर रख लेना

**2.** 'कब को टेरत दीन रट' दोहे में 'सांसारिक हवा लगने' के उलाहने से भक्ति के कौन-से भाव की पुष्टि होती है ? उचित विकल्प चुनकर लिखिए :

(A) सख्य (B) दास्य (C) अंतरंग (D) स्वामी

(क) केवल (B)
(ख) केवल (D)
(ग) (A) और (C) दोनों
(घ) (B) और (D) दोनों

**3.** 'पदमाकर' द्वारा रचित कविता में किस त्योहार का वर्णन किया गया है ?

(क) होली (ख) वसंत पंचमी (ग) दीवाली (घ) दशहरा

**4.** 'परशुराम के उपदेश' कविता के संदर्भ में 'चट्टानों की छाती से दूध निकालो' – से क्या अभिप्राय है ?

(क) विपरीत परिस्थितियों में अपना लक्ष्य प्राप्त करो
(ख) विपरीत परिस्थितियों में अपना मस्तक ऊँचा रखना
(ग) चट्टानों से अमृत निकालना
(घ) चट्टानों से जलधारा निकालना

**5.** 'आँधियाँ नहीं जिसमें उमंग भरती है' – पंक्ति में 'आँधी' प्रतीक है :

(क) बाधाएँ (ख) तेज हवा (ग) क्रांति (घ) बदलाव

**6.** 'हो गई है पीर पर्वतों सी' – पंक्ति के संदर्भ में लिखिए कि 'पीर का पर्वतों के समान होना' से क्या अभिप्राय है ?

(क) अगम्य होना (ख) ऊँचा होना (ग) दुर्गम होना (घ) विशाल होना

**7.** 'संयुक्त परिवार' कविता के कवि के घर से कभी कोई बिना मिले क्यों नहीं लौटा ?

(क) संयुक्त परिवार होने के कारण
(ख) आवभगत किए जाने के कारण
(ग) घर में ताला नहीं लगे होने के कारण
(घ) घरवालों के सद्व्यवहार के कारण

**8.** 'भेड़िया' कविता में भेड़िया प्रतीकार्थ है :

(क) सामूहिक चेतना का
(ख) हिंसा का
(ग) शोषक वर्ग का
(घ) शोषित वर्ग का



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

9. 'चीफ की दावत' पाठ में शामनाथ किस वर्ग का प्रतिनिधित्व कर रहा है?

(क) सामान्य वर्ग का (ख) निम्न वर्ग का

(ग) मध्यम वर्ग का (घ) उच्च वर्ग का

10. शामनाथ और उसकी पत्नी को पसीना पोंछने की फुर्सत क्यों नहीं थी?

(क) नौकर के अचानक छुट्टी पर चले जाने के कारण

(ख) चीफ की दावत का प्रबंध करने के कारण

(ग) काम करने की आदत न होने के कारण

(घ) घर को व्यवस्थित करने के कारण

11. 'चीफ की दावत' पाठ साहित्य की किस विधा में लिखा गया है?

(क) कहानी (ख) निबंध (ग) संस्मरण (घ) एकांकी

12. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के वयोवृद्ध साहित्यकार जेब में क्या रखकर घूमते थे?

(क) मोटा चश्मा (ख) निमोनिया की दवा (ग) सुनने वाली मशीन (घ) पाचन चूरन

13. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में मंदिर में स्थापित देवताओं के नाराज़ होने का क्या कारण था?

(क) युवाओं के द्वारा जीवन का आनंद लेना

(ख) उनका बाग-बगीचों में नहीं घूम पाना

(ग) युवाओं द्वारा उनकी रॉयल्टी का प्रबंध न करना

(घ) पेड़ों पर उनके झंडों का न लग पाना

14. लेखक की दृष्टि में कुटज के पेड़ को 'कूटज' कहना अधिक उचित क्यों है?

(क) अद्भुत जिजीविषा के कारण (ख) मौसम की मार से बेअसर रहने के कारण

(ग) छोटा-सा शानदार वृक्ष होने के कारण (घ) गिरिकूट पर उत्पन्न होने के कारण

15. 'आषाढ़स्य प्रथम दिवसे' में यक्ष ने किन फूलों से मेघों की अभ्यर्थना की थी?

(क) नोलोत्पल (ख) मल्लिका (ग) वकुल (घ) कुटज

16. कुटज को 'बडभागी' क्यों कहा गया है?

(क) कालिदास के काम आने के कारण

(ख) रहीम के काम आने के कारण

(ग) रामगिरि पर्वत श्रृंखला पर होने के कारण

(घ) फूलों से लदा होने के कारण



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

17. सेल्यूलर जेल की नीचे की चार कोठरियों को 'काल कोठरियाँ' क्यों कहा जाता था ?

(क) कैदियों को सबसे पहले वहीं रखे जाने के कारण

(ख) फाँसी दी जाने से पहले कैदियों को वहाँ रखने के कारण

(ग) काल के समान भयानक दिखाई दिए जाने के कारण

(घ) साफ-सफाई का उचित प्रबंध न होने के कारण

18. अच्छे पत्र का गुण नहीं है :

(क) संक्षिप्तता (ख) प्रभावशीलता (ग) सरलता (घ) क्लिष्टता

19. टिप्पण पर सहायक किस ओर हस्ताक्षर करता है ?

(क) बाईं ओर (ख) दाईं ओर (ग) मध्य में (घ) ऊपर की ओर

20. 'हमारी सोसायटी में दो गार्ड हैं' – कथन प्रयुक्ति के आधार पर किस भेद के अंतर्गत आता है ?

(क) साहित्यिक हिंदी (ख) कार्यालयी हिंदी

(ग) संचार माध्यम की हिंदी (घ) सामान्य व्यवहार या बोलचाल की हिंदी

21. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए : **1x3=3**

(i) 'अंडमान डायरी' पाठ के लेखक का क्या नाम है ?

(ii) 'कुटज' पाठ के आधार पर लिखिए कि 'नाम' किसे कहते हैं ?

(iii) 'भरत-राम का प्रेम' पाठ किस छंद में लिखा गया है ?

22. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही/गलत में दीजिए : **1x3=3**

(i) अद्‌र्ध सरकारी पत्र प्रथम पुरुष में लिखे जाते हैं।

(ii) कार्यालयी ज्ञापन का प्रयोग किसी मंत्रालय या प्रभाग के भीतरी पत्र व्यवहार में किया जाता है ?

(iii) अंतिम राशि प्राप्त करने के लिए सरकारी पत्र लिखे जाते हैं।

23. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : **1x7=7**

सुनि मुनि बचन राम रुख पाई। गुरु साहिब अनुकूल अघाई।
लखि अपने सिर सबु छरु भारू। कहि न सकहिं कछु करहिं विचारू।।
पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े। नीरज नयन नेह जल बाढ़े।
कहब मोर मुनिनाथ निबाहा। एहि तें अधिक कहौं मैं काहा।।
मैं जानऊँ निज नाथ सुभाऊ। अपराधिहु पर कोह न काऊ।
मो पर कृपा सनेहु विसेषी। खेलत खुनिस न कब हूँ देखी।।
सिसुपन तें परि हरेउँ न संगू। कबहुँ न कीन्ह मोर मन भंगू।।
मैं प्रभु कृपा रीति जिथँ जोही। हारेहुँ खेल जितावहिं मोही।।

(i) किसके नेत्रों से अश्रु बहने लगे ?

(क) राम (ख) भरत (ग) कैकयी (घ) मुनि



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(ii) गुरु वशिष्ठ ने क्या किया ?

(क) राम के मन की बात कह दी (ख) भरत के मन की बात कह दी

(ग) राम को अयोध्या चलने को कहा (घ) भरत को चुप रहने को कहा

(iii) राम के स्वभाव की क्या विशेषता है ?

(क) छोटों से प्रेम न करना (ख) दृढ़ता पूर्वक बोलना

(ग) गुरुजनों पर क्रोध करना (घ) अपराधी पर भी क्रोध न करना

(iv) 'मो पर कृपा सनेहु विसेषी' पंक्ति में 'मो' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(क) राम (ख) भरत (ग) लक्ष्मण (घ) वशिष्ठ

(v) भरत की आँखे सदैव किसकी प्यासी बनी रही ?

(क) राम के दर्शनों की (ख) राम के प्रेम की

(ग) माता कैकयी के प्रेम की (घ) राजा दशरथ के प्रेम की

(vi) 'नेह-जल' में कौन-सा अलंकार है ?

(क) उत्प्रेक्षा (ख) अतिशयोक्ति (ग) मानवीकरण (घ) रूपक

(vii) बड़ों के सम्मुख मुँह न खोलना __________ ।

(क) उनसे डरना है (ख) उन्हें प्रसन्न रखना है

(ग) दबाव सहन करना है (घ) शिष्टाचार की परंपरा है

**24.** दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : **1x7=7**

हमारे शैशवकालीन अतीत और प्रत्यक्ष वर्तमान के बीच में समय-प्रवाह का पाट ज्यों-ज्यों चौड़ा होता जाता है त्यों-त्यों हमारी स्मृति में अनजाने ही एक परिवर्तन लक्षित होने लगता है, शैशव की चित्रशाला के जिन चित्रों से हमारा रागात्मक संबंध गहरा होता है, उनकी रेखाएँ और रंग इतने स्पष्ट और चटकीले होते चलते हैं कि हम वार्धक्य की धुँधली आँखों से भी उन्हें प्रत्यक्ष देखते रह सकते हैं। पर जिनसे ऐसा संबंध नहीं होता वे फीके होते-होते इस प्रकार स्मृति से धुल जाते हैं कि दूसरों के स्मरण दिलाने पर भी उनका स्मरण कठिन हो जाता है।

मेरे अतीत की चित्रशाला में बहिन सुभद्रा से मेरे सख्य का चित्र पहली कोटि में रखा जा सकता है, क्योंकि इतने वर्षों के उपरांत भी उसकी सब रंग-रेखाएँ अपनी सजीवता में स्पष्ट हैं।

(i) गद्यांश के रचयिता का नाम है :

(क) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ख) महादेवी वर्मा

(ग) सुभद्राकुमारी चौहान (घ) राजेन्द्र यादव

(ii) गद्यांश के पाठ का नाम है :

(क) दो कलाकार (ख) सुभद्राकुमारी चौहान

(ग) कुटज (घ) यक्ष-युधिष्ठिर संवाद

(iii) अतीत और वर्तमान के बीच की समय की खाई बढ़ने पर क्या परिणाम निकलता है ?

(क) हमारी स्मृतियों में परिवर्तन आने लगता हैं।

(ख) हमारी स्मृतियाँ धूमिल पड़ने लगती हैं।

(ग) सामाजिक दूरियाँ बढ़ने लगती हैं।

(घ) पारिवारिक जिम्मेदारियाँ बढ़ने लगती हैं।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(iv) 'शैशव की चित्रशाला...... गहरा होता है' – पंक्ति में प्रयुक्त 'चित्रों' से अभिप्राय है :

(क) व्यक्तियों से (ख) तस्वीरों से (ग) वस्तुओं से (घ) घटनाओं से

(v) वार्धक्य का अर्थ है :

(क) जवानी (ख) बुढ़ापा (ग) शैशवावस्था (घ) सुप्तावस्था

(vi) लेखिका और सुभद्राकुमारी के बीच किस प्रकार के संबंध थे ?

(क) रागात्मक (ख) औपचारिक (ग) पारीवारिक (घ) कामकाजी

(vii) 'उनकी रेखाएँ और रंग........ चटकीले होते चलते हैं।' वाक्य में प्रयुक्त 'रेखाएँ और रंग' संकेत करते हैं :

(क) बनावट और दृश्यता की ओर (ख) रंग-रूप और वेशभूषा की ओर

(ग) जीवन और व्यक्तित्व की ओर (घ) आकृति और वर्ण-विन्यास की ओर

**25.** व्याकरण संबंधी निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : **1x10=10**

(i) पाच्य, नूतन (विलोम शब्द लिखिए)

(ii) अतिशय, लेखक (उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए)

(iii) अरे तुम प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हो गए (विराम चिह्न लगाकर पुन: लिखिए)

(iv) निरपराधी व्यक्ति को सजा नहीं मिलनी चाहिए। (वाक्य शुद्ध करके पुन: लिखिए)

(v) एक जंगल में दो शेर रहते थे। (संयुक्त वाक्य बनाइए)

(vi) इतिहासिक, आशिवार्द (शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए)

(vii) बालक दौड़ता है। (भाववाच्य में बदलिए)

(viii) मुरारि, अध:+गति (संधिच्छेद/संधि कीजिए)

(ix) यथासमय (विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए)

(x) अन (प्रत्यय से दो शब्द बनाइए)

**26.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

(i) सोभित कर नवनीत लिए।
घुटुरुनि चलत रेनु तन-मेडित, मुख दधि लेप किये।
चारु कपोल, लोल लोचन, गोरोचन-तिलक दिये।
लट-लटकनि मनु मत्त मधुप-गन मादक मधुहिं पिए।
कठुला-कंठ वज्र के हरि-नख राजत रुचिर हिए।
धन्य सूर एकौ पल इहिं सुख, का सत कल्प जिए।

**अथवा**

(ii) नक्शे में जंगल हैं पेड़ नहीं
नक्शे में नदियाँ हैं पानी नहीं
नक्शे में पहाड़ हैं पत्थर नहीं
नक्शे में देश है लोग नहीं
समझ ही गये होंगे आप कि हम सब
एक नक्शे में रहते हैं।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

27. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए : **3+3=6**

(i) 'संयुक्त परिवार' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि अपने घर के लगी पर्ची को देखकर बेचैन क्यों हो उठता है? घर आए अतिथि बिना मिला लौट जाने पर आपकी क्या प्रतिक्रिया होती है?

(ii) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ मैं' कवि स्मृतियों के द्वंद्व से मुक्ति की कामना क्यों करता है?

(iii) 'परशुराम के उपदेश' कविता के संदर्भ में 'दिनकर'जी की भाषागत विशेषताओं पर टिप्पणी कीजिए।

28. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1x5=5**

जला अस्थियाँ बारी-बारी
चटकाई जिनमें चिंगारी,
जो चढ़ गये पुण्यवेदी पर,
लिए बिना गर्दन का मोल।
कलम, आज उनकी जय बोल।

जो अगणित लघु दीप हमारे
तूफानों में एक किनारे,
जल-जलाकर बुझ गए किसी दिन
माँगा नहीं स्नेह मुँह खोल
कलम, आज उनकी जय बोल

पीकर जिनकी लाल शिखाएँ
उगल रही सौ लपट दिशाएँ
जिनके सिंहनाद से सहमी,
धरती रही अभी तक डोल
कलम, आज उनकी जय बोल

अंधा, चकाचौध का मारा
क्या जाने इतिहास बेचारा
साखी हैं उनकी महिमा के,
सूर्य चन्द्र भूगोल खगोल।
कलम, आज उनकी जय बोल।

(i) कलम से किनकी जय बोलने के लिए कहा जा रहा है? और क्यों?

(ii) 'लिए बिना गर्दन का मोल' का क्या आशय है?

(iii) स्वाधीनता सेनानियों के बलिदान के साक्षी कौन हैं? और कैसे?

(iv) इतिहास को अंधा क्यों कहा है?

(v) स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति हमारा क्या कर्त्तव्य है?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**29.** निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या कीजिए : **4**

(i) मेरे मन में सावरकर के प्रति पूर्वाग्रह था, क्योंकि उनका संबंध 'हिंदू महासभा' से रहा। मैंने नहीं सोचा कि एक हिंदू के रूप में अपनी अस्मिता की तलाश सांप्रदायिकता नहीं। कम-से-कम ऐसा व्यक्ति सांप्रद्रायिक नहीं हो सकता, जिसने देशभक्ति की इतनी बड़ी सजा भोगी हो।

**अथवा**

(ii) ये जो ठिगने-से लेकिन शानदार दरख्त गर्मी की भयंकर मार खा-खाकर और भूख-प्यास की निरंतर चोट सह-सहकर भी जी रहे हैं, इन्हें क्या कहूँ? सिर्फ जी ही नहीं रहे हैं, हँस भी रहे हैं। बेहया हैं क्या? या मस्तमौला है? कभी-कभी जो लोग ऊपर से बेहया दिखते हैं, उनकी जड़े काफी गहरे पैठी रहती हैं। ये पाषाण की छाती फाड़कर न जाने किस अतल गह्वर से अपना भोग्य खींच लाते हैं।

**30.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए : **3+3=6**

(i) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में गोपाल प्रसाद लड़कियों की उच्च शिक्षा का विरोध क्यों करते हैं? क्या आप उनके विचारों से सहमत हैं?

(ii) व्यंग्य रचना से आप क्या समझते हैं? 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ एक व्यंग्य रचना है। पुष्टि कीजिए।

(iii) 'चीफ की दावत' कहानी का प्रमुख पात्र आप किसे मानते हैं और क्यों?

**31.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1x5=5**

प्राणी जगत की सलामती के लिए वायुमंडल के संघटकों का संतुलन अनिवार्य है। पिछले कुछ वर्षों से मानवीय कुचेष्टाओं के कारण वैश्विक तापमान में असाधारण वृद्धि का सिलसिला गंभीर मंथन का विषय है। जलवायु परिवर्तन की परिणति तापमान-वृद्धि तक सीमित नहीं है। अन्य विकृतियाँ भी पृथ्वी के सभी-भूभागों में अकाल, ध्रुवीय इलाकों में बर्फ का पिघलना, तूफान, सुनामी आदि के रूप में दिख रही हैं। समुद्री जलस्तर में वृद्धि से जल-जीवन तो डांवाडोल होता ही है, कई समुदाय भी विस्थापन को मजबूर होते हैं।

'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के दौर में ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से बिना लोक सहभागिता के नहीं निपट सकते। घरेलू सामान का फिर से उपयोग, मोटर वाहन व बिजली की कम खपत का अभ्यास, वृक्षारोपण जैसी अनेक युक्तियों से कार्बन उत्सर्जन को घटाना सहज है। पृथ्वी का मौजूदा तापमान पिछले सवा दो सौ वर्षों में डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक बढ़ चुका है और यह सिलसिला थम नहीं रहा है। पेरिस समझौता का लक्ष्य है कि 2030 तक उत्सर्जन आधे तक सीमित रह जाए और 2050 तक शून्य स्तर पर टिक जाए। 'ग्रीनहाऊस' गैसों का उत्सर्जन इतना कम हो कि जीव-जगत साँस ले सकें, सुरक्षित रह सकें।

(i) जलवायु परिवर्तन का असर धरती के तापमान-वृद्धि के साथ अन्य किन आपदाओं के रूप में दिखाई देता है?

(ii) समुद्री जलस्तर में वृद्धि के क्या दुष्परिणाम हैं?

(iii) 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' से क्या अभिप्राय है?

(iv) 'शून्य गैस उत्सर्जन' से आप क्या समझते हैं?

(v) धरती के तापमान वृद्धि को कम करने में आप किस प्रकार सहयोग कर सकते हैं?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**32.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **50-60** शब्दों में लिखिए : **3+3=6**

(i) क.ख.ग. नगर में 'विद्युतीकरण योजना' के संपादन में देरी होने का कारण स्पष्ट करते हुए मुख्य अभियंता अ.ब.स. प्रदेश, राज्य विद्युत परिषद को एक परिपत्र लिखिए।

(ii) क्रेडिट कार्ड प्राप्ति हेतु अनुरोध करते हुए दीपक/दीपिका की ओर से क.ख.ग. बैंक के प्रबंधक को एक आवेदन पत्र लिखिए।

**33.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **50-60** शब्दों में लिखिए : **3+3=6**

(i) बैंकिंग क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाली हिंदी प्रयुक्तियाँ हमारे दैनिक जीवन में शामिल होने का कारण स्पष्ट करते हुए इसकी दो श्रेणियों का उल्लेख कीजिए।

(ii) संचार माध्यमों में प्रयुक्त होने वाली हिंदी की तीन विशेषताएँ लिखिए।

**34.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **80-100** शब्दों में लिखिए : **4+4=8**

(i) 'मानव जीवन में कंप्यूटर ने अपना एक विशेष स्थान बना लिया है।' इस कथन की सत्यता कंप्यूटर के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले किन्हीं चार उदाहरणों द्वारा कीजिए।

(ii) 'टंकण' से आप क्या समझते हैं? हिंदी भाषा में टंकण किस प्रकार किया जाता है?

**- o O o -**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**OLD SYLLABUS/पुराना पाठ्यक्रम**

# HINDI

# हिन्दी

# (301)

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **38** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न सं. **1** से **17** तक तथा **32** से **34** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। कुछ प्रश्नों में विकल्प भी दिए गए हैं। आपको केवल एक प्रश्न का उत्तर देना है।

(v) प्रश्न सं. **18** से **21** तथा **35** एवं **36** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा जिनमें **3** अंक के तीन प्रश्न, **5** अंक का एक प्रश्न, **6** अंक का एक प्रश्न तथा **10** अंक का एक प्रश्न है। इनमें विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न सं. **22** से **31** तक तथा **37** एवं **38** तक विषयनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। जिसके अंतर्गत लघूत्तरीय प्रश्न के अंतर्गत **2** अंक के **एक** प्रश्न **3** अंक के **तीन** प्रश्न **6** अंक के **एक** प्रश्न **5** अंक के **एक** प्रश्न **4** अंक के **पाँच** प्रश्न **8** अंक का **एक** प्रश्न शामिल हैं, जिनमें से कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

---

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में **02.15** बजे किया जाएगा। **02.15** बजे से **02.30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## भाग - 1

## केंद्रिक ( बहुविकल्पी/वस्तुनिष्ठ प्रश्न )

**सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1x17=17**

**1.** 'रामचरितमानस' किसकी रचना है ?

(क) मुक्तिबोध (ख) रहीम (ग) दिनकर (घ) तुलसी

**2.** "काज परै कछु और है" – यह किस कवि की पंक्ति है ?

(क) बिहारी (ख) रहीम (ग) मुक्तिबोध (घ) तुलसी

**3.** सोना और धतूरा की तुलना किस कवि ने की है ?

(क) बिहारी (ख) तुलसी (ग) मुक्तिबोध (घ) रहीम

**4.** 'वह तोड़ती पत्थर' किस कवि की रचना है ?

(क) महादेवी वर्मा (ख) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(ग) रहीम (घ) तुलसी

**5.** 'वह तोड़ती पत्थर' कविता में किस ऋतु का वर्णन है ?

(क) ग्रीष्म (ख) शरद् (ग) हेमंत (घ) शिशिर

**6.** 'होत-होत ही होय' पंक्ति में अलंकार है :

(क) अनुप्रास (ख) यमक (ग) श्लेष (घ) उपमा

**7.** 'बारे उजियारो करै' पंक्ति में अलंकार है :

(क) उपमा (ख) अतिशयोक्ति (ग) श्लेष (घ) यमक

**8.** 'अनपढ़ बनाए रखने की साजिश' पाठ के लेखक हैं :

(क) प्रेमचंद (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) राजेन्द्र यादव (घ) राजेंद्र अवस्थी



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

9. हिंदी साहित्य की सूफी काव्य की विशेषता में शैली है :

(क) पहलवी (ख) भसनवी (ग) अवधी (घ) बारहमासा

10. रीतिकाल के रीतिपरक काव्य धारा के नीतिपरक रचनाओं के प्रमुख कवि हैं :

(क) बिहारी (ख) घनानंद (ग) गिरिधर (घ) मतिराम

11. द्विवेदी युग के काव्य की विशेषताओं में शामिल नहीं है :

(क) मानवतावाद (ख) समाज सुधार (ग) नीति और आदर्श (घ) प्रकृति वर्णन

12. हिंदी साहित्य के भारतेंदु युग में कविताओं में प्रमुख स्वर रहा है :

(क) देश भक्ति (ख) प्रेम और सौंदर्य (ग) छायावाद (घ) प्रयोगवाद

13. राजेंद्र यादव द्वारा संपादित पत्रिका का नाम है :

(क) कहानी (ख) हंस (ग) काँटे की बात (घ) प्रथम प्रेम

14. 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के रचयिता कौन हैं?

(क) लक्ष्मीनारायण लाल (ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) वृंदावनलाल वर्मा (घ) रामचंद्र शुक्ल

15. कुमुद युद्ध में कुंजर सिंह के साथ क्यों जाना चाहती है?

(क) देवी सिंह की महत्त्वाकांक्षापर अपना बलिदान देना चाहती है

(ख) अलीमर्दान से डर जाने के कारण

(ग) नरपति सिंह से पीछा छुड़ाने के कारण

(घ) कुंजर सिंह से प्रेम करने के कारण

16. प्रशासनिक कार्यों से संबंधित पत्रों में निम्नलिखित नहीं आता है :

(क) अर्ध सरकारी पत्र (ख) परिपत्र

(ग) कार्यालय ज्ञापन (घ) संवेदना पत्र



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**17.** औपचारिक पत्र का भेद नहीं है :

(क) सरकारी (ख) सरकारी कामकाज संबंधी

(ग) संबंधियों को लिखे गए पत्र (घ) बधाई पत्र

**18.** निम्नलिखित प्रश्नों के सही और गलत वाक्य चुनकर लिखिए : **3x1=3**

(क) प्रतिवेदन की प्रामाणिकता दिए गए साक्ष्यों तथा तथ्यों पर निर्भर करती है। (सही/गलत)

(ख) अंतराविभागीय टिप्पण सहायक स्तर और अधिकारी स्तर पर लिखे जाते हैं। (सही/गलत)

(ग) सामयिक और रोजमर्रा के टिप्पण को नेमी टिप्पण कहते हैं। (सही/गलत)

**19.** कविता आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए : **5x1=5**

(i) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता में 'वह' से क्या संकेत है?

(ii) 'मौन' कविता में कवि कैसे जीवन की कामना करता है?

(iii) 'मैं नीर भरी दुख की बदली' कविता की पंक्ति 'नभ के नवरंग बुनते दुकूल' में कौन सा अंलकार है?

(iv) महादेवी वर्मा की कविता में किन भावनाओं की अभिव्यक्ति हुई है?

(v) तुलसी ने रामचरितमानस में सर्वाधिक किस छंद का प्रयोग किया है?

**20.** निम्नलिखित पठित अनुच्छेद से दिए गए प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखए : **6x1=6**

कुल्हाड़ी और कुदाल, कुदाल और कुल्हाड़ी – मैंने बार-बार इन शब्दों को दोहराया और तब आया मेरे मन में यह वाक्य – विश्व की भाषा है – दे ले विश्व की जीवन-प्रणाली है, कह-सुन, विश्व की यात्रा का पथ है – मान, मना अर्थात् हिल भी झुक भी, पर जो इन्हें भूलकर जड़ हो जाता है, वह ठूँठ हो, पर्वत का शिखर हो अहंकारी मानव हो, विश्व उससे जिस भाषा में बात करता है उसी के प्रतिनिधि हैं ये कुल्हाड़ी कुदाल।

(i) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(क) गद्य कैसे पढ़ें (ख) एक था पेड़ एक था ठूँठ

(ग) दो कलाकार (घ) आखिरी चट्टान

(ii) इस पाठ के लेखक हैं :

(क) राजेंद्र यादव (ख) हरिशंकर परसाई

(ग) रामचंद्र शुक्ल (घ) कन्हैया प्रभाकर

(iii) जड़ शब्द का सही अर्थ है :

(क) मूल (ख) निर्जीव (ग) स्थिर (घ) ठूँठ



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(iv) अनुच्छेद में 'कुल्हाड़ी-कुदाल' किसके प्रतीक हैं?

(क) कठोरता के (ख) काट छाँट के

(ग) नष्ट करने के (घ) दृढ़ता और सरलता के

(v) गद्यांश से शिक्षा ग्रहण की जा सकती है :

(क) परिस्थितियों का विरोध करना (ख) अपनी हठता पर अडिग बने रहना

(ग) परिस्थितियों से तालमेल बनाके रहना (घ) विवेक से काम न लेना

(vi) गद्यांश से लेखक की धारणा प्रकट होती है :

(क) कठोरता और मूर्खता की (ख) दृढ़ता और जीवंतता की

(ग) दृढ़ता और जड़ता की (घ) हठता और अहम्मन्यता की

**21.** निम्नलिखित व्याकरण संबंधी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **10x1=10**

(i) 'नवोदय' शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।

(ii) वृद्ध+आश्रम – में संधि कीजिए।

(iii) जो परिश्रम करता है वह सफल होता है – वाक्य को साधारण वाक्य में बदलिए।

(iv) 'अवश्य होने वाला' – वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए।

(v) 'उदधि' – शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए।

(vi) 'मनुष्य' शब्द का बहुवचन क्या होगा?

(vii) 'झूठा बातों का प्रचार मत करो' – वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए।

(viii) 'नीलगगन' में कौन सा समास है?

(ix) 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' – मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(x) 'सुख दुख' में कौन सा समास है?

**22.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1+2+1=4**

कहलाने एकत बसत
    अहि मयूर मृग बाघ
जगत तपोवन सौ कियौ,
    दीरघ-दाघ-निदाघ।।

(क) इस कविता के कवि और कालखंड का नाम लिखिए।

(ख) इस कविता के मूल संदेश का उल्लेख कीजिए।

(ग) इसमें दीरघ-दाघ-निदाघ में कौन सा अलंकार है?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

23. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2+2=4**

(क) 'अपराधिहु पर कोह न काऊ' कहकर भरत राम के बारे में क्या कहना चाहते हैं?

(ख) ''जीवन, रह जाय चुप निर्द्वन्द्व'' मौन कविता की इस पंक्ति से कवि क्या कहना चाहता है?

24. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1+2+2=5**

बलिहारी है इस मादक शोभा की। चारों ओर कुपित यमराज के दारुण नि:श्वास के समान धधकती लू में यह हरा भी है और भरा भी है, दुर्जन के चित्त से भी अधिक कठोर पाषाण की कारा में रुद्ध अज्ञात जल स्रोत से बरबस रस खींचकर सरस बना हुआ है।

(क) यह अंश किस पाठ से लिया गया है और उसके लेखक कौन हैं?

(ख) इसमें लेखक क्या संदेश देना चाहता है? लिखिए।

(ग) कष्टप्रद स्थिति में जीवन धारण करने वाले कुटज के समान अपने जीवन की किसी घटना का उदाहरण दीजिए।

25. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 80-100 शब्दों में दीजिए : **3+3=6**

(क) (i) व्यंग्य क्या होता है? 'पीढ़िया और गिट्टियाँ' पाठ में किस प्रकार का व्यंग्य किया गया है?

**अथवा**

(ii) 'दो कलाकार' कहानी के आधार पर चित्रा के देश विदेश में ख्याति प्राप्त करने के कारणों का उल्लेख कीजिए।

(ख) (i) अरुणा अपने किन गुणों के कारण दूसरों को प्रभावित कर सकी थी? 'दो कलाकार' पाठ के संदर्भ में लिखिए।

**अथवा**

(ii) 'कुटज' से हमें परमार्थ के लिए किन-किन गुणों को अपनाने की शिक्षा मिलती है?

26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1x4=4**

एक मिल मालिक के दिमाग में अजीब-अजीब खयाल आया करते थे जैसे सारा संसार मिल हो जाएगा। सारे लोग मजदूर और वह उनका मालिक या मिल में और चीजों की तरह आदमी भी बनने लगेंगे । तब मजदूरी भी नहीं देनी पड़ेगी। एक दिन उसने सोचा मजदूरों के अगर चार हाथ हों तो काम तेजी से हो और मुनाफा भी ज्यादा। उसने लोहे के हाथ मंगवाकर मजदूरों में फिट करवा दिए, पर मजदूर मर गए। आखिर में वह समझ गया। उसने मजदूरी आधी कर दी और दोगुने नौकर रख लिये।

(क) मिल मालिक अनोखी बातें क्यों सोचता था?

(ख) उत्पादन बढ़ाने का उसने क्या उपाय सोचा?

(ग) उसके उपाय से उसने कैसे लाभ का अनुमान लगाया?

(घ) अंत में उसने लाभ के लिये क्या उपाय अपनाया?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**27.** आप अपने जीवन की किसी आश्चर्यजनक घटना का अनुभव लगभग **40** शब्दों में लिखिए। **2**

**28.** निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** का भावपल्लवन कीजिए। **3**

(क) अधजल गगरी छलकत जाय

(ख) नौ दिन चले अढ़ाई कोस

**29.** प्रतिवेदन क्या है? इसकी उपयोगिता स्पष्ट कीजिए। **4**

**अथवा**

निम्नलिखित गद्यांश का एक तिहाई शब्दों में सार लिखिए और उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए।

पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं। इनसे मिलने वाले लाभ अन्यत्र दुर्लभ हैं। इन लाभों में समाज पर प्रभाव ड़ालने की अद्‌भुत क्षमता होती है। वास्तव में यह एकमात्र सहज सुलभ आधार है जिससे कोई भी व्यक्ति अत्यधिक ज्ञान प्राप्त कर सकता है। पुस्तक की शक्ति सारे देश की जनता में स्फूर्ति का मंत्र फूंक सकती है। समस्त मानवता में अपूर्व साहस और बल का संचार कर सकती है। महात्मा गांधी की वाणी और पुस्तकों ने भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध डटकर खड़ा होने का संदेश दिया। पुस्तकें पलभर में राजसिंहासन पलट देती हैं। आज, बाल्मीकि, तुलसी, सूर आदि का नाम बड़ी श्रद्धा से लिया जाता है। पुस्तकें अकेलेपन की साथी हैं। पुस्तकें मनोरंजन का भी श्रेष्ठ साधन हैं।

**30.** निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए। **8**

(क) मेरा प्रिय खेल

(ख) कंप्यूटर की उपयोगिता

(ग) भारत की वैज्ञानिक प्रगति

(घ) शारीरिक श्रम

**31.** एक कक्षा में 56 छात्र हैं, उन्होंने गणित और विज्ञान में जो अंक प्राप्त किए, उन्हें सामूहिक बार चित्र से प्रदर्शित कीजिए : **4**

| प्राप्तांक | गणित | विज्ञान |
|---|---|---|
| 80-100 | 11 | 12 |
| 60-80 | 14 | 20 |
| 40-60 | 24 | 18 |
| 0-40 | 05 | 04 |



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## भाग - 2

## वैकल्पिक - क

## ( सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी )

**सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**32.** सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ नहीं है : **1**

(क) शिक्षा का प्रचार प्रसार (ख) मनोरंजन

(ग) सामाजिक राजनीतिक जागरूकता (घ) समाचारों के प्रति रुचि का अभाव

**33.** संचार माध्यमों का उद्देश्य है : **1**

(क) सूचना छिपाना (ख) भ्रष्टाचार फैलाना

(ग) विद्यालय खोलना (घ) मनोरंजन करना

**34.** निम्नलिखित में सत्य कथन है : **1**

(क) मुद्रित माध्यम स्थायी नहीं है (ख) श्रव्य माध्यम सुनाई नहीं पड़ता

(ग) टी.वी. दृश्य श्रव्य माध्यम है (घ) अखबारों से जागरूकता नहीं आती

**35.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए : **3x1=3**

(क) रेडियो कैसा माध्यम है ?

(ख) संचार माध्यमों से क्या लाभ होता है ?

(ग) एजूसेट का क्या उपयोग है ?

**36.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए : **3x1=3**

(क) समाचारों के चयन और संपादन में किसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है ?

(ख) ओ बी वैन के प्रचलन से क्या सुविधा होने लगी है ?

(ग) समाचार का संकलन कौन करते हैं ?

**37.** समाचार पत्रों की भाषा कैसी होती है ? **3**

**38.** समाचार वाचक में क्या क्या गुण होने चाहिए ? **3**

**अथवा**



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

## वैकल्पिक – ख

## ( विज्ञान की भाषा – हिन्दी )

**सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 1

**32.** भास्कराचार्य का संबंध था :

(क) भौतिकी (ख) रसायन

(ग) गणित और खगोल (घ) धातु विज्ञान

**33.** वैदिक युग के लोग प्रयोग नहीं करते थे : 1

(क) ताँबा (ख) काँसा (ग) लोहा (घ) चाँदी

**34.** निम्नलिखित में से कंप्यूटर क्या नहीं कर सकता ? 1

(क) अनगिनत संख्याओं की पहचान (ख) लंबे समय तक निर्देशों का पहचान

(ग) वर्तनी शुद्ध करना (घ) प्रयोक्ता की आवाज की पहचान

**35.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए : 3x1=3

(क) गुरुत्वाकर्षण शक्ति किसे कहते हैं ?

(ख) भारतीय चिकित्सा पद्धति का सर्वप्रथम ज्ञान किस ग्रंथ में मिलता है ?

(ग) सुश्रुत संहिता किस पद्धति का ग्रंथ है ?

**36.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए : 3x1=3

(क) सुपर कंप्यूटर किसे कहते हैं ?

(ख) कंप्यूटर पर काम करना आसान क्यों है ?

(ग) हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर में क्या अंतर है ? समझाइए।

**37.** जनसंख्या वृद्धि – नैतिक मूल्यों में पतन बढ़ते अपराधीकरण का कारण कैसे है ? 3

**38.** वैज्ञानिक शब्दावली आयोग की स्थापना कब हुई ? इसके कार्यों का उल्लेख कीजिए। 3

- o 0 o -



Unnati Educations

9899436384, 9654279279